प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 02.07.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा


## थाना खरेला पुलिस टीम ने वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोदय श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोंकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 02.07.2022 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के. गौतम व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री अजय कुमार अग्रवाल के निकट पर्यवेक्षण में थाना खरेला में प्रभारी निरीक्षक श्री राजेश कुमार सिंह द्वारा गठित की गयी उ0नि0 शिवकुमार यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 01 नफर वारण्टी अभियुक्त रामखिलावन कुशवाहा पुत्र परमलाल कुशवाहा नि0 ग्राम पहरेथा थाना खरेला जनपद महोबा उम्र 32 वर्ष माननीय न्यायालय **ASJ/FTC-2016 GST/NDPS ACT** महोबा द्वारा जारी प्रोसेस एसटी न0 307/21 अ0स0 41/21 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना खरेला जनपद महोबा से सम्बन्धित को ग्राम पहरेथा थाना खरेला जनपद महोबा से गिरफ्तार किया, अभियुक्त को गिरफ्तारी वारण्ट से अवगत कराते हुए आवश्यक कार्यवाही के उपरान्त सम्बन्धित मां0 न्यायालय समय से भेजा जा रहा है।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1. उ0नि0 शिवकुमार यादव
2. का0 नीरज यादव
3. कां0 चन्दन सिंह

### गिरफ्तार अभियुक्त–

रामखिलावन कुशवाहा पुत्र परमलाल कुशवाहा नि0 ग्राम पहरेथा थाना खरेला जनपद महोबा उम्र 32 वर्ष



## थाना कोतवाली महोबा पुलिस टीम ने अवैध शराब सहित अभियुक्त को किया गिरफ्तार-



पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध जनपदीय पुलिस टीम द्वारा चलाये जा रहे अवैध शराब की बिक्री, निष्कर्षण एंव परिवहन की रोकथाम अभियान के अनुपालन के क्रम में दिनांक 01.07.2022 को कोतवाली महोबा प्रभारी निरीक्षक श्री बलराम सिंह द्वारा गठित उ0नि0 शेरे आलम खां चौकी प्रभारी मनियादेव के नेतृत्व में टीम ने मामना रोड बहद ग्राम मुडहरा में अभियुक्त छोटेलाल यादव पुत्र घनश्याम यादव निवासी मुडहरा थाना कोतवाली नगर महोबा को 20 ली0 कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया, बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु.अ.स.259/22 धारा 60 आबकारी अधि0 पंजीकृत किया गया।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 शेरे आलम खां प्रभारी चौकी मनियादेव थाना कोतवाली महोबा
2. का0 श्याम यादव थाना कोतवाली महोबा
3. का0 प्रवीन वर्मा थाना कोतवाली महोबा

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

छोटेलाल यादव पुत्र घनश्याम यादव निवासी मुडहरा थाना कोतवाली नगर महोबा

**बरामदगी-** 20 ली0 कच्ची शराब नाजायज बरामद होना

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 02.07.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना पनवाड़ी पुलिस टीम ने अवैध शराब सहित अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध जनपदीय पुलिस टीम द्वारा चलाये जा रहे अवैध शराब की बिक्री, निष्कर्षण एंव परिवहन की रोकथाम अभियान के अनुपालन के अनुपालन में दिनांक 01.07.2022 को क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री उमेश चन्द्र के निकट पर्यवेक्षण में थाना पनवाड़ी प्रभारी निरीक्षक श्री शिवआसरे द्वारा गठित की गयी उ0नि0 रमेश कुमार यादव व का. धर्मेन्द्र के नेतृत्व में पुलिस टीम ने रात्रि गश्त आदि के दौरान जमाला तिराहा से अभियुक्त बीरेन्द्र अहिरवार पुत्र बाबूलाल निवासी ग्राम किल्हौवा थाना पनावड़ी जिला महोबा जिसके कब्जे से एक झोले मे से 30 अदद क्वार्टर देशी नाजायज शराब की बरामदगी करते हुये गिरफ्तार किया गया, गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना हाजा पर मु.अ.सं. 115/2022 धारा **60** आबकारी अधि0 पंजीकृत किया गया।

**गिरफ्तार करने वाली टीम -**

1. उ0नि0 रमेश कुमार यादव थाना पनवाड़ी जिला महोबा
2. का0 धर्मेन्द्र कुमार थाना पनवाड़ी जिला महोबा

**गिरफ्तार अभियुक्त –**

बीरेन्द्र अहिरवार पुत्र बाबूलाल निवासी ग्राम किल्हौवा थाना पनावड़ी जिला महोबा

**बरामदगी** – एक झोले मे से 30 अदद क्वार्टर देशी नाजायज शराब



# थाना पनवाड़ी पुलिस टीम ने 02 किलो अवैध सूखा गांजा के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर जनपद में अपराध की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व उसमें लिप्त तस्करों के विरूद्ध चलाए जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के क्रम में दिनांक 01.07.2022 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री उमेश चन्द्र के निकट पर्यवेक्षण में थाना पनवाड़ी प्रभारी निरीक्षक श्री शिवआसरे द्वारा गठित व0उ0नि0 श्री नरेशचन्द्र निगम, उ0नि0 दिनेशचन्द्र , हे0का0 प्रदीप कुमार, का0 सुनील कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर 01 नफर अभियुक्त श्यामसुन्दर पुत्र देवकीनन्दन उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम इटैलिया बाजा थाना जरिया जनपद हमीरपुर को अवैध 02 किलो सूखा गांजा के साथ नकरा पुल के पास से गिरफ्तार किया गया है, अभियुक्त के कब्जे से 02 किलो सूखा गाजा के अलावा 01 अदद मोवाइल व 01 अदद मो0सा0 बरामद हुई । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार अभियुक्त के विरुद्ध थाना हाजा पर मु.अ.स. 114/2022 धारा 8/20 एनडीपीएक्ट पंजीकृत किया गया है।

## गिरफ्तार करने वाली टीम -

1 .व0उ0नि0 श्री नरेशचन्द्र निगम 2. उ0नि0 दिनेशचन्द्र
3. हे0का0 प्रदीप कुमार 4. का0 सुनील कुमार थाना पनवाड़ी जिला महोबा।

## गिरफ्तार अभियुक्त –

श्यामसुन्दर पुत्र देवकी नन्दन उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम इटैलिया बाजा थाना जरिया जनपद हमीरपुर सम्बन्धित मु.अ.स. 114/**2022** धारा 08/20 एनडीपीएस थाना पनवाड़ी जिला महोबा।



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 02.07.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा क्षेत्राधिकारी कार्यालय चरखारी का किया गया आकस्मिक निरीक्षण, सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश..।

आज दिनांक 02.07.2022 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह द्वारा क्षेत्राधिकारी कार्यालय चरखारी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान कार्यालय के अभिलेखों अपराध रजिस्टर, विवेचना रजिस्टर इत्यादि का अवलोकन करते हुये उनके रखरखाव की स्थिति को देखा गया व साफ-सफाई रखने तथा राजकीय कार्य को समय से पूरा करने के लिये संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये।

कार्यालय में नियुक्त अधिकारी व कर्मचारियों से वार्ता कर उनके द्वारा सम्पादित किये जाने वाले कार्यों की समीक्षा करते हुये जानकारी ली गयी। सभी अधिकारी/कर्मचारियों को समय से कार्यालय में उपस्थित होकर पूर्ण मनोयोग से कार्य करने और कार्यालय अभिलेखों को अद्यावधिक रखने के लिए निर्देशित किया गया।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने अधिकारी व कर्मचारियों से उनकी समस्याओं के बारे में पूछा और संबंधित को उनका निस्तारण करने के निर्देश दिए।

इस मौके पर क्षेत्राधिकारी चरखारी अजय अग्रवाल तथा कार्यालय में नियुक्त समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।





प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 02.07.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में शांति एंव कानून व्यवस्था के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस बल द्वारा पैदल गस्त कर आम-जनमानस को दिलाया गया सुरक्षा का भरोसा।





आज दिनांक **02.07.2022** को पुलिस अधीक्षक महोबा सुधा सिंह के निर्देशन में जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रो में संवेदनशील स्थानों पर पैदल गश्त करते हुए स्थानीय लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखनें,अराजकता फैलाने वालों की सूचना पुलिस को देने की अपील की गयी तथा जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल में तथा सभी थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार, धार्मिक-स्थल, बस-स्टैण्ड,रेलवे स्टेशन ढाबा आदि जगहों पर पैदल गस्त करते हुए यातायात नियमों को उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए वाहनों के चालान व सीज करने की कार्यवाही की गई।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा शराब की दुकानों का निरीक्षण किया गया एवं सेल्समैन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

यातायात नियमों के उल्लंघन पर 71 ई-चालान किये गये।










महोबा पुलिस